भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 389
जिसका उत्तर बृहस्पतिवार, 23 जुलाई, 2015 को दिया जाना है

## अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ

**389. श्री अम्बेथ राजन:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन आने वाले लोक क्षेत्र उपक्रमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) इन लोक क्षेत्र उपक्रमों में विभिन्न पदों पर नियुक्त अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) इन लोक क्षेत्र उपक्रमों में कार्य कर रहे अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति द्वारा बनाए गए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण संघों का ब्यौरा क्या है;

(घ) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कल्याण संघों को सरकार/लोक क्षेत्र उपक्रमों द्वारा प्रदान/उपलब्ध कराई गई सुविधाओं जैसे कार्यालय भवन आदि का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) लोक क्षेत्र उपक्रमों के प्रशासनिक कार्यकलाप/विकास कार्यकलाप/प्रबंधन में लोक क्षेत्र उपक्रम/सरकार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कल्याण संघों को किस प्रकार शामिल करती है?

**उत्तर**

**भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री**

**(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)**

**(क) और (ख):** भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सार्वजनिक क्षेत्र के 32 उपक्रम हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के इन 32 उपक्रमों में 14,253 अनुसूचित जाति तथा 8,357 अनुसूचित जनजाति के व्यक्ति नियुक्त हैं। ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

**(ग):** इस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सार्वजनिक क्षेत्र के 32 उपक्रमों में से 9 उपक्रमों में 43 अजा/अजजा कर्मचारी कल्याण संघ बनाए गए हैं। इन संघों का ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

**(घ):** सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम इन अजा/अजजा कल्याण संघों को कार्यालय में स्थान तथा उनकी आवश्यकताओं और धन की उपलब्धता के आधार पर दूरभाष, कार्यालय फर्नीचर, कंप्यूटर आदि जैसी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराते हैं।

**(ङ):** लोक उद्यम विभाग ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में अजा/अजजा कल्याण संघों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में दिशा-निर्देश जारी नहीं किए हैं। तथापि, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम अजा/अजजा कल्याण संघों को अपने प्रशासनिक और विकासात्मक कार्यकलापों/प्रबंधन में विभिन्न प्रकार से जैसे कि (i) इन संघों के प्रतिनिधियों को प्रबंधन/ट्रेड यूनियनों/ अधिकारी संघों के साथ बैठकों में आमंत्रित करके, (ii) चयन समितियों, विभागीय पदोन्नति समितियों, आवास आबंटन समितियों, केन्टीन समितियों आदि में उनसे परामर्श करके, (iii) उनसे प्रशासकीय/विकासात्मक कार्यकलापों में सुझाव/इन्पुट्स प्राप्त करके, शामिल करते हैं।

**अनुबंध-I**

**भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और इनमें कार्यरत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों का ब्यौरा**

| क्र.सं. | सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का नाम | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के नियुक्त व्यक्ति | |
|---|---|---|---|
| | | एससी | एसटी |
| 1. | एन्ड्रयू यूल एण्ड कम्पनी लिमिटेड (एवाईसीएल) | 2572 | 4440 |
| 2. | भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) | 8961 | 2812 |
| 3. | बीएचईएल इलेक्ट्रिकल मशीन लिमिटेड (बीएचईएल की सहायक) | 12 | 6 |
| 4. | भारत पम्प्स एण्ड कम्प्रेसर्स लिमिटेड (बीपीसीएल) | 92 | 3 |
| 5. | हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचईसी) | 325 | 360 |
| 6. | एचएमटी लिमिटेड (ट्रैक्टर डिविजन की धारक कंपनी) | 883 | 193 |
| 7. | एचएमटी (बेयरिंग्स) लिमिटेड (एचएमटी की सहायक कंपनी) | | |
| 8. | एचएमटी वाचिज (एचएमटी की सहायक कंपनी) | | |
| 9. | एचएमटी चिनार वाचिज (एचएमटी की सहायक कंपनी) | | |
| 10. | एचएमटी मशीन टूल (एचएमटी की सहायक कंपनी) | | |
| 11. | एचएमटी (इंटरनेशनल) लिमिटेड (एचएमटी की सहायक कंपनी) | | |
| 12. | हिन्दुस्तान केबल्स लिमिटेड (एचसीएल) | 263 | 42 |
| 13. | इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड , कोटा (आईएलके) | 162 | 44 |
| 14. | राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेन्ट्स लिमिटेड (आईएलके की सहायक कंपनी) | 48 | 10 |
| 15. | रिचर्डसन एण्ड क्रुडास (1972) लिमिटेड (आर एण्ड सी) | 3 | 0 |
| 16. | स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड (एसआईएल) | 130 | 1 |
| 17. | त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लिमिटेड (टीएसएल) | **(समापनाधीन)** | |
| 18. | तुंगभद्रा स्टील प्रॉडक्ट लिमिटेड (टीएसपीएल) | 22 | 2 |
| 19 | नगालैण्ड पल्प एण्ड पेपर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनपीपीसी) (एचपीसी की सहायक) | 3 | 132 |
| 20 | सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीसीआई) | 113 | 86 |
| 21 | हिन्दुस्तान पेपर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसी) | 200 | 163 |
| 22 | हिन्दुस्तान न्यूजप्रिंट लिमिटेड (एचपीसी की सहायक) | 44 | 2 |
| 23 | हिन्दुस्तान साल्ट्स लिमिटेड (एचएसएल) | 15 | 4 |
| 24 | संभार साल्ट्स लिमिटेड (एसएसएल) (एचएसएल की सहायक) | 25 | 7 |
| 25 | हिन्दुस्तान फोटो फिल्म्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड (एचपीएफ) | 72 | 14 |
| 26 | नेपा लिमिटेड (नेपा) | 49 | 13 |
| 27 | भारत भारी उद्योग निगम लिमिटेड (बीबीयूएनएल) | 7 | 0 |
| 28 | ब्रेथवेट बर्न एंड जेसप (बीबीजे) कंस्ट्रकशन कंपनी लिमिटेड (बीबीयूएनएल की सहायक) | | |
| 29 | ब्रिज एण्ड रूफ कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड | 175 | 13 |
| 30 | इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट (इंडिया) लिमिटेड (ईपीआई) | 75 | 10 |
| 31 | हुगली प्रिंटिग कम्पनी लिमिटेड (एवाईसीएल की सहायक) | 2 | 0 |
| 32 | टायर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआईएल) | **(समापनाधीन)** | |
| | **योग** | **14253** | **8357** |

**अनुबंध-II**

**भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में अजा/अजजा कर्मचारी कल्याण संघों का ब्यौरा**

| **क्र.सं.** | **सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का नाम** | **अजा/अजजा कर्मचारी कल्याण संघ का ब्यौरा** |
|---|---|---|
| 1 | सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड | (i) सीसीआई एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण संघ राजबन, जिला सिरमौर (हिमाचल प्रदेश)<br>रजि. सं.- 5645/86 |
| | | (ii) एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण संघ केकेटी, तांदुर, (तेलंगाना).<br>रजि. सं.-16 . |
| 2 | तुंगभद्रा स्टील प्रॉडक्ट्स लिमिटेड | तुंगभद्रा स्टील प्रॉडक्ट्स लिमिटेड एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण संघ टी.एस.पी.एल. टी.बी. डैम-583225.<br>रजि. सं. 57/90-91. |
| 3 | हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड | (i) डीप्रैस्ड क्लास लीग<br>रजि. सं.-168. |
| | | (ii) बी आर अम्बेडकर सेवा संस्थान<br>रजि. सं.-173. |
| 4 | हिंदुस्तान फोटो फिल्म्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड | (i)एचपीएफ ट्राइब वेलफेयर एसोसिएशन<br>रजि. सं.-153/07. |
| | | (ii) एचपीएफ कर्मचारी अनुसूचित जाति कल्याण संघ<br>रजि. सं.-161/07. |
| | | (iii)एचपीएफ यूनाइटेड अनुसूचित जाति कर्मचारी कल्याण संघ<br>रजि. सं.-221/07. |
| 5 | भारत पम्प्स एण्ड कम्प्रेसर्स लिमिटेड | भारत पम्प्स एण्ड कम्प्रेसर्स लिमिटेड एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण संघ, नैनी, इलाहाबाद<br>रजि. सं.-1238. |
| 6 | हिंदुस्तान पेपर कॉर्पोरेशन लिमिटेड | एचपीसी कर्मचारी कल्याण संघ |
| 7 | स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याणकारी कर्मचारी संघ स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड<br>रजि. सं.-1061. |

| | | |
|---|---|---|
| 8 | भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड | (i)बीएचईएल एससी और एसटी कर्मचारी कल्याण संघ |
| | | (ii) बीएचईएल एससी कर्मचारी कल्याण संघ (1) |
| | | (iii) बीएचईएल एससी कर्मचारी कल्याण संघ (2) |
| | | (iv) बीएचईएल एसटी कर्मचारी कल्याण संघ |
| | | (v) आदिवासी कर्मचारी एसोसिएशन |
| | | (vi)आदिम समुदाय कर्मचारी कल्याण एसोसिएशन |
| | | (vii) भारतीय एससी/एसटी भेल कर्मचारी कल्याण समिति |
| | | (viii) ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ एससी/एसटी एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन |
| | | (ix) एसटी वेलफेयर एसोसिएशन |
| | | (x) शेड्यूल्ड कास्ट अपलिफ्ट यूनियन; बीएचईएल ब्रांच |
| | | (xi) बीएचईएल एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण परिषद |
| | | (xii) बीएचईएल एससी/एसटी एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन |
| | | (xiii) द शेड्यूल्ड कास्ट्स अपलिफ्ट यूनियन |
| | | (xiv) आंध्र प्रदेश शेड्यूल्ड कास्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन – ब्रांच: बीएचईएल रामचन्द्रपुरम |
| | | (xv) अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण और सांस्कृतिक संघ |
| | | (xvi) बीएचईएल आर एंड डी एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण संघ |
| | | (xvii) बीएचईएल-ईपीडी: एससी/एसटी अपलिफ्ट यूनियन |
| | | (xviii) बीएचईएल- ईडीएन: एससी/एसटी अपलिफ्ट यूनियन |
| | | (xix)अनुसूचित जाति- जनजाति कर्मचारी एसोसिएशन |
| | | (xx) बीएचईएल अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी कल्याण समिति |
| | | (xxi) अंबेडकर एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण समिति |
| | | (xxii) बीएचईएल पीएसएसआर एससी/एसटी एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन |
| | | (xxiii) बीएचईएल एससी/एसटी वेलफेयर एसोसिएशन |
| | | (xxiv) बीएचईएल एससी/एसटी एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन |
| 9 | एचएमटी लिमिटेड | (i) एचएमटी एससी/एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन<br>रजि. सं. टीएमके-एस 585/2021213 दिनांक 5.3.2013. |
| | | (ii) अजा/अजजा कर्मचारी संघ डब्ल्यूएफआर<br>रजि. सं.- एचआईडी/126/88. |
| | | (iii) एचएमटी एसडब्ल्यूसीडी अजा/अजजा एम्पलाइज एसोसिएशन<br>रजि. सं.-769/95-96. |
| | | (iv) एचएमटी वॉच फैक्ट्री अजा/अजजा एम्पलाइज एसोसिएशन |
| | | (v) एचएमटी मुख्यालय अजा/अजजा एम्पलाइज एसोसिएशन<br>रजि. सं.-108/94-95. |
| | | (vi) एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड (एमबीएक्स एंड सीएसडी) एससी/एसटी एम्पलाइज (वेलफेयर) एसोसिएशन<br>रजि. सं.-478/99. |
| | | (vii) प्रागा टूल्स एससी/एसटी वेलफेयर एसोसिएशन - सिकन्दराबाद<br>रजि. सं.-एस/16. |
| | | (viii) एचएमटी एससी/एसटी एम्पलाइज वेलफेयर<br>रजि. सं.-235. |

**********